मि.स.-15/3/2015-स्था-नौ/1565-67
भारत सरकार
केंद्रीय जल आयोग
*****

सेवा भवन,आर. के. पुरम,
नई दिल्ली-110066
दिनांक:- 05 July, 2019.

परिपत्र

गृह मंत्रालय , राजभाषा विभाग, हिंदी शिक्षण योजना, हिन्दी टंकण/आशुलिपि प्रशिक्षण स्कंध का दिनांक 03.06.2019 का परिपत्र संख्या 13/1/2019/ उ.नि.(ट./आ.)/ 1574-2274 जो 'हिन्दी शब्द संसाधन/हिन्दी टंकण की दीर्घकालिक कक्षाओ का गठन- अगस्त, 2019'से सम्बंधित है, संलग्न है।

2. इस सम्बन्ध में यह सूचित किया जाता है कि जो भी कर्मचारी यह कोर्स करने के पात्र व इच्छुक हो वे अपना इच्छा पत्र अपने कंट्रोलिंग ऑफिसर के माध्यम से स्था- नौ अनुभाग को 19.07.2019 तक भेज दे ताकि उसके अनुसार अगस्त, 2019 से शुरू होने वाले कोर्स के लिए कर्मचारियों के नाम शॉर्टलिस्ट करके राजभाषा विभाग को भेजे जा सके।

संलग्नक: यथोपरि

04.07.2019
(संजय सिंह चौहान)
अवर सचिव

सेवा मे,

1. केंद्रीय जल आयोग मे CSS/CSSS/CSCS कैडर के सभी आशुलिपिको, व्यैक्तिक सहायको, निजी सहायको, सहायक अनुभाग अधिकारियो, कनिष्ठ सचिवालय सहायको, वरिष्ठ सचिवालय सहायको को (CWC वेबसाइट के माध्यम से) ।
2. अवर सचिव(स्था-VII) को आवश्यक कार्यवाई हेतु।
3. उप निदेशक(राजभाषा), केंद्रीय जल आयोग, नई दिल्ली।
4. सचिव, केंद्रीय जल आयोग के निजी सचिव।

सं-/13/1/2019/उ.नि. (टं/आ.)/1574-2274

E-IX अनु./Sec./
डा. सं./Dy. No. 1670
दिनांक/Date 01/07/19

भारत सरकार

**GOVERNMENT OF INDIA**

गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग

**MINISTRY OF HOME AFFAIRS, DEPARTMENT OF OFFICIAL LANGUAGE**

हिंदी शिक्षण योजना, हिंदी टंकण/आशुलिपि प्रशिक्षण स्कंध

**HINDI TEACHING SCHEME, HINDI TYPING/STENOGRAPHY TRAININGWING**

दिनांक 3-6-2019

सेवा में,

समस्त संपर्क अधिकारी (हिंदी)
निदेशक/संयुक्त निदेशक/उप निदेशक/प्रबंधक(राजभाषा), प्रशासनिक अधिकारी
समस्त मंत्रालय/विभाग/संबंद्ध एवं अधीनस्थ कार्यालय/सार्वजनिक उपक्रम/निगम, निकाय तथा राष्ट्रीयकृत बैंक इत्यादि, नई दिल्ली ।

विषय :- हिंदी शब्द संसाधन/हिंदी टंकण दीर्घकालिक कक्षाओं का गठन-अगस्त, 2019

महोदय/महोदया,

उपर्युक्त विषय पर अवगत कराना है कि हिंदी शिक्षण योजना, राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय के अंतर्गत नई दिल्ली स्थित हिंदी टंकण/आशुलिपि प्रशिक्षण केंद्रों पर हिंदी शब्द संसाधन/हिंदी टंकण दीर्घकालिक प्रशिक्षण का आगामी सत्र अगस्त, 2019 से आरंभ होगा। प्रशिक्षार्थियों का कक्षाओं में प्रवेश दिनांक 13-14 अगस्त, 2019 (प्रातः 10:00 बजे से 5:00 बजे तक) होगा। "प्रवेश पहले आओ पहले पाओ" के आधार पर होगा। कक्षाएं दिनांक 19 अगस्त, 2019 से आरंभ होंगी। प्रशिक्षण केंद्रों की विस्तृत जानकारी अनुलग्नक "क" में विस्तार से दी गयी है। कृपया प्रशिक्षण के लिए नामित किए जाने वाले कर्मचारियों के ब्यौरे अनुलग्नक "ख" में दिए गए प्रपत्र में दिनांक 31-7-2019 तक संबंधित प्रशिक्षण केंद्र प्रभारी को अवश्य भिजवा दिए जाएं तथा एक प्रति अधोहस्ताक्षरी को भी सूचनार्थ भेजी जाए।

प्रशिक्षण की संक्षिप्त जानकारी :-

| | |
|---|---|
| पाठ्यक्रम का नाम | हिंदी शब्द संसाधन/हिंदी टंकण |
| अवधि | अगस्त, 2019 से जनवरी 2020 तक<br>(6 माह, 1 घंटा प्रतिदिन) |
| परीक्षा | जनवरी, 2020 के दूसरे अथवा तीसरे सप्ताह में |
| हिंदी में योग्यता | हिंदी के साथ मिडिल (आठवीं) या उसके समकक्ष अन्य कोई परीक्षा जैसे हिंदी शिक्षण योजना की प्रवीण आदि। |

पूर्वी खंड/East Block-7, लेवल/Level-6, आर.के. पुरम/R.K. Puram, नई दिल्ली/New Delhi-110066
WWW.CHTI.RAJBHASHA.GOV.IN E-MAIL ID- DDTS-HTS-NC-DOL@NIC.IN TELE FAX 011-26173775

SL Anand 01/07/19

पात्रता - केवल उन्हीं अधिकारियों/कर्मचारियों को हिंदी शब्द संसाधन/हिंदी टंकण प्रशिक्षण में प्रवेश दिया जाएगा जिन्होंने अभी तक हिंदी शब्द संसाधन/हिंदी टंकण का प्रशिक्षण प्राप्त नहीं किया है।

अनिवार्य :-

सभी अंग्रेजी टंककों/कनिष्ठ सचिवालय सहायकों (अवर श्रेणी लिपिकों), डाक विभाग में डाक सहायकों एवं कार्यालय सहायकों, दूरसंचार विभाग में दूर संचार सहायकों, आयकर तथा कस्टम एवं एक्साइज विभाग में कर सहायकों, विभिन्न मंत्रालयों/विभागों/कार्यालयों में कंप्यूटर ऑपरेटरों/डाटा एंट्री ऑपरेटरों आदि के लिए, इसके अलावा इसमें वर्ग "ग" के वे कर्मचारी भी शामिल होंगे जो इसी प्रकृति का कार्य करते हैं और जिनके भिन्न पदनाम और भिन्न वेतनमान हैं। वर्ग "घ" से वर्ग "ग" में आए उन कार्मिकों के लिए, जो वर्ग "ग" श्रेणी के लिए निर्धारित योग्यता रखते हैं, हिंदी टंकण का प्रशिक्षण अनिवार्य है।

स्वैच्छिक :-

1. वर्तमान में सहायकों, वरिष्ठ सचिवालय सहायकों (उच्च श्रेणी लिपिकों), लेखा परीक्षकों तथा चयन ग्रेड लेखा परीक्षकों तथा अनुवादकों के लिए हिंदी टंकण का प्रशिक्षण अनिवार्य नहीं है, परंतु इन्हें हिंदी शिक्षण योजना की हिंदी शब्द संसाधन/हिंदी टंकण की कक्षाओं में स्वैच्छिक आधार पर नामित किया जा सकता है और इन्हें कक्षाओं में स्थान रिक्त होने पर प्रवेश दिया जा सकता है। ये कर्मचारी हिंदी शब्द संसाधन/हिंदी टंकण की परीक्षा उत्तीर्ण करने पर सभी प्रकार के वित्तीय लाभ/वित्तीय प्रोत्साहन आदि के हकदार होंगे, जैसे कि वैयक्तिक वेतन एवं एकमुश्त नकद पुरस्कार आदि।

2.सभी वर्ग के अधिकारियों, जिनके लिए हिंदी शब्द संसाधन/हिंदी टंकण का प्रशिक्षण अनिवार्य नहीं है, किंतु उपयोगी है, को स्वैच्छिक आधार पर नामित किया जा सकता है और उन्हें कक्षाओं में प्रवेश दिया जा सकता है, किंतु वर्तमान में वे अधिकारी प्रशिक्षण के उपरांत हिंदी शब्द संसाधन/हिंदी टंकण की परीक्षा पास करने पर किसी भी प्रकार के वित्तीय लाभ/वित्तीय प्रोत्साहन आदि के हकदार नहीं होंगे, जैसे वैयक्तिक वेतन, एकमुश्त नकद पुरस्कार आदि।

चयन का अधिकार

- जिन कर्मचारियों के लिए हिंदी टंकण का प्रशिक्षण अनिवार्य है, उन्हें अन्य मानक, जैसे संवर्ग/सेवा की श्रेणी समान होने पर, उनकी आयु के आधार पर कक्षा में प्रवेश हेतु प्राथमिकता दी जाएगी, अर्थात अधिक आयु वाले अभ्यर्थी को वरीयता दी जाएगी। यह शर्त प्रवेश के लिए व्यक्तिगत रुप से उपस्थित होने और सीटों के भरने तक ही लागू रहेगी। यदि इसके बाद भी कक्षा में स्थान रिक्त रहता है तो स्वैच्छिक आधार पर नामित किए गए कर्मचारियों को प्रवेश दिया जाएगा, बशर्ते वे पात्रता की अन्य शर्तें पूरी करते हों।

**वित्तीय प्रोत्साहन**

- हिंदी शब्द संसाधन/हिंदी टंकण परीक्षा पास करने पर कर्मचारियों को निर्धारित शर्तें पूरी करने पर 12 महीने की अवधि के लिए एक वेतन वृद्धि के बराबर राशि का वैयक्तिक वेतन प्रदान किया जाता है।
- प्रशिक्षण कक्षा में जाने के लिए 1.6 किमी. से अधिक दूरी से आने-जाने का वास्तविक मार्ग व्यय देय है।
- हिंदी शब्द संसाधन/हिंदी टंकण परीक्षा पास करने और निर्धारित शर्तें पूरी करने पर अधोलिखित तालिका के अनुसार एकमुश्त नकद पुरस्कार दिए जाते हैं, जिनका भुगतान संबंधित कार्यालयों द्वारा ही किया जाता है।

**हिंदी शब्द संसाधन/हिंदी टंकण**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | 97 प्रतिशत या इससे अधिक अंक प्राप्त करने पर | 2400 रुपए |
| 2. | 95 प्रतिशत या इससे अधिक परंतु 97 प्रतिशत से कम अंक प्राप्त करने पर | 1600 रुपए |
| 3 | 90 प्रतिशत या इससे अधिक परंतु 95 प्रतिशत से कम अंक प्राप्त करने पर | 800 रुपए |

**परीक्षा शुल्क :**

केंद्रीय उपक्रमों, निगमों तथा बैंकों आदि के कर्मचारियों के लिए हिंदी शब्द संसाधन/हिंदी टंकण के लिए 100/- रुपये प्रति प्रशिक्षार्थी परीक्षा शुल्क देय है। परीक्षा शुल्क का भुगतान उप निदेशक (परीक्षा), हिंदी शिक्षण योजना, नई दिल्ली के नाम, नई दिल्ली में देय बैंक ड्राफ्ट द्वारा किया जाता है।

**नामांकन विधि एवं प्रपत्र**

- प्रशिक्षण केंद्रों का विवरण अनुलग्नक "क" पर दिया गया है।
- उपर्युक्त प्रशिक्षण के लिए नामित किए जाने वाले कर्मचारियों के ब्यौरे अनुलग्नक "ख" में दिए गए प्रपत्र में दिनांक 31 जुलाई, 2019 तक सीधे संबंधित प्रशिक्षण केंद्र के प्रभारी सहायक निदेशक (टंकण/आशुलिपि) को प्रेषित किए जाएं जबकि पत्र की एक प्रति अधोहस्ताक्षरी को भी सूचनार्थ भेजी जाए।
- नामांकन निर्धारित प्रपत्र में ही भेजा जाए तथा नामित करने वाले अधिकारी का नाम, कार्यालय का पूरा पता, टेलीफोन नंबर तथा ई-मेल आई डी का पत्र में स्पष्ट उल्लेख अवश्य किया जाए ताकि पत्राचार में किसी प्रकार की कोई कठिनाई न हो।
- प्रशिक्षण के लिए शेष कर्मचारियों की संख्या भी अवश्य दर्शाई जाए।

- हिंदी शब्द संसाधन/हिंदी टंकण के इस सत्र के लिए नामित किए जाने वाले कर्मचारियों को कक्षाओं में दिनांक 13-14 अगस्त, 2019 (प्रात: 10:00 बजे से सायं 5:00 बजे) को प्रवेश हेतु प्रशिक्षण केंद्र के प्रभारी सहायक निदेशक (टंकण/आशुलिपि) से संपर्क करना होगा।
- इस पत्र के अलावा प्रशिक्षण के लिए नामित कर्मचारियों को प्रवेश लेने हेतु अलग से कोई पुष्टि पत्र नहीं भेजा जाएगा। अत: इस परिपत्र में दिए गए विवरण एवं कार्यक्रम के अनुसार ही उन्हें प्रवेश हेतु स्वयं संबंधित केंद्र पर निर्धारित तिथि व समय पर संपर्क करना है।
- संबंधित प्रभारी सहायक निदेशक (टंकण/आशुलिपि) द्वारा प्रशिक्षण हेतु रिपोर्ट करने वाले कर्मचारियों को दाखिला देने की लिखित सूचना दी जाएगी, जिसे संबंधित कर्मचारी अपने कार्यालय में सूचनार्थ प्रस्तुत करेंगे ताकि संबंधित कार्यालय द्वारा प्रवेश न लेने वाले कर्मचारी के संबंध में यथोचित कार्रवाई समय पर की जा सके।
- यदि किसी अधिकारी/कर्मचारी को उसके कार्यालय के निकट के प्रशिक्षण केंद्र पर स्थान उपलब्ध न रहने के कारण प्रवेश नहीं मिल पाता है तो उसे सूची में दिए गए किसी भी अन्य केंद्र पर प्रवेश के लिए भेजा सकता है, बशर्ते, वहां स्थान उपलब्ध हो।

विशेष

- सभी मंत्रालयों, विभागों, उपक्रमों, बैंकों, निगमों आदि के प्रशासनिक प्रमुखों से अनुरोध है कि इस परिपत्र को सभी संबद्ध कार्यालयों/इकाइयों/शाखाओं में शीघ्र परिचालित करवाने का कष्ट करें ।
- यह सुनिश्चित करना संबंधित कार्यालय के प्रशासनिक प्रधान का दायित्व है कि कर्मचारियों को अधिक से अधिक संख्या में प्रशिक्षण हेतु नामित किया जाए, नामित कर्मचारी कक्षाओं में निश्चित रूप से प्रवेश लें, कक्षाओं में नियमित रूप से उपस्थित रहें और अनिवार्य रूप से परीक्षा में भी सम्मिलित हों ताकि प्रशिक्षण के लिए उपलब्ध सरकारी संसाधनों का पूर्ण सदुपयोग हो सके और निर्धारित समय में प्रशिक्षण लक्ष्य प्राप्त किए जा सकें ।

भवदीय

3.6.2019

(संत राम)

उप निदेशक (टं./आ.)

Chti 1035

## प्रशिक्षण केंद्रों की सूची

| क्र.सं. | प्रशिक्षण केंद्रों का नाम व पता | सहायकनिदेशक का नाम व दूरभाष | कार्यालय/भवन जहां के कर्मचारियों कोप्रवेशमें प्राथमिकता दी जाएगी | प्रशिक्षण का माध्यम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | रामकृष्ण पुरम<br>ईस्ट ब्लाक-2, लेवल-1,<br>रामकृष्णपुरम,<br>नई दिल्ली-110066 | श्री चरणजीत वर्मा<br>फोन 26186035 | रामकृष्णपुरम और आसपास स्थित सभी कार्यालय | कंप्यूटर पर |
| 2. | रामाकृष्णपुरम<br>ईस्ट ब्लाक-7, लेवल-6<br>नई दिल्ली-110066 | श्री सुरेश चंद शर्मा<br>फोन 26175246 | रामकृष्णपुरम और आसपास स्थित सभी कार्यालय | कंप्यूटर पर |
| 3. | डाक भवन<br>कमरा नं. 109-बी,<br>प्रथम तल,डाक भवन,<br>संसद मार्ग, नई दिल्ली | श्री बाबू राम वोहरा<br>फोन 23036516 | डाक भवन, पटेल भवन,निर्वाचन सदन,संचार भवन, कार्लोट प्लेस, संसद मार्ग,तथाआसपास के सभी कार्यालय बैंकआदि | कंप्यूटर पर |
| 4. | योजना भवन<br>कमरा नं. 427 सी ,<br>संसद मार्ग,योजना भवन,<br>नई दिल्ली | सुश्री आशा<br>फोन 23042529 | योजना भवन, आकाशवाणी, रिजर्व बैंक, श्रम शक्ति भवन,परिवहन भवन, संसद मार्ग तथा आसपास के सभी कार्यालय | कंप्यूटर पर |
| 5. | बी-ब्लाक, कमरा नं. 107,<br>बी-ब्लाक हटमेंटस,(साउथ ब्लाक के पीछे)<br>नई दिल्ली-110011 | श्री जयवीर<br>फोन 23014875 | सेना भवन, साउथ ब्लॉक, नार्थ ब्लाक स्थित समस्त कार्यालय, राष्ट्रपति भवन,तथा आसपास हटमेंट्स में स्थित कार्यालय | कंप्यूटर पर |
| 6. | रेल भवन<br>कमरा नं. 564 ए<br>रेल भवन, नई दिल्ली | श्रीमती [illegible] शर्मा<br>फोन 23215045 | रेल भवन, कृषि भवन, उद्योग भवन , शास्त्री भवन, श्रम शक्ति भवन तथा आसपास के कार्यालय | कंप्यूटर पर |
| 7. | संघ लोक सेवा आयोग<br>अतिथिगृह भवन,<br>भूतल, धौलपुर हाउस,<br>शाहजहां रोड,<br>नई दिल्ली-110069 | श्री महेन्द्र कुमार<br>फोन 23098591/4711 | संघलोक सेवा आयोग, लोक नायक भवन,निर्माण भवन, अकबर रोड हटमेंट्स, जामनगर हाउस, केन्द्रीय कार्यालय परिसर तथा आसपास के सभी कार्यालय | कंप्यूटर पर |
| 8. | हिंदी कक्ष<br>जे.एन.यू कैम्पस<br>नई दिल्ली | सहायक निदेशक (ट./आ.)<br>फोन 011-26173775 | जे.एन.यू कैम्पस में स्थित कार्यालय, एन.सी.ई.आर.टी, केंद्रीय विद्यालय तथा आस-पास के सभी कार्यालय | कंप्यूटर पर |

**अनुलग्नक "ग"**

**नामांकन प्रपत्र**

| नामित कर्मचारियों का विवरण | | | | | | सुविधाजनक केंद्र |
|---|---|---|---|---|---|---|
| प्रशिक्षण | | नाम/पदनाम | दूरभाष/ई-मेल | हिंदी में योग्यता | अन्य लिपि | |
| टंकण | आशुलिपि | | | | | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| | | | | | | |
| | नई हिंदी आशुलिपि कक्षा का गठन फरवरी 2020 में होगा | | | | | |

**31-07-[illegible] को हिंदी टंकण/आशुलिपि प्रशिक्षण के लिए शेष कर्मचारियों की संख्या (कृपया इस कालम को अनिवार्य रूप से भरें)**

| हिंदी शब्द संसाधन/हिंदी टंकण | हिंदी आशुलिपि |
|---|---|
| | |

नामित करने वाले अधिकारी का नाम.............................................

कार्यालय का नाम व पूरा पता.............................................

दूरभाष नं0 .............................................

ई-मेल आई-डी .............................................

उप निदेशक (टंकण-आशुलिपि),
हिंदी शिक्षण योजना, नई दिल्ली

**प्रशिक्षार्थी का विवरण**

**प्रपत्र**

प्रशिक्षण केंद्र का नाम:

प्रशिक्षण सत्र : जनवरी /जुलाई

कक्षाका नाम:हिंदी टंकण/आशुलपि

दीर्घकालिक /अल्पावधि प्रशिक्षण

| | |
|---|---|
| प्रशिक्षार्थी का नाम (हिंदी में): | Name of candidate (BLOCK LETTERS) |
| लिंग (स्त्री /पुरुष/ अन्य ) | Gender (M /F/ other) |
| पिता /पति का नाम (हिंदी में): | Father's/ Husband name |
| प्रशिक्षार्थी का पदनाम (हिंदी में): | Designation |
| मातृभाषा: | Mother tounge |
| हिंदी भाषा में ज्ञान का स्तर: | Knowledge of Hindi |
| मंत्रालय (हिंदी में): | Name of Ministry |
| विभाग का नाम (हिंदी में): | Name of Department |
| नामित करने वाले अधिकारी का नाम तथा पदनाम | Name & Designation of the Nominating officer |
| कार्यालय का पूरा पता (हिंदी में): ईमेल/आई0डी0/दूरभाष | Full office address With E.mail/ID/ phone |
| परीक्षा शुल्क भरने का विवरण । FEE DETAILS (If doesn't belong to a direct Central Govt. office/Dept | |
| दूरभाष: | Phone/mobile |
| ई-मेल/आई0डी0: | E.mail./ Id of candidate |
| आधार सं0: | Adhhar No. |

नोट: कृपया यह प्रपत्र हिंदी तथा अंग्रेजी दोनो भाषाओं में भरना आवश्यक है और अंग्रेजी का विवरण केवल [ BLOCK LETTERS] में ही भरें।

दिनांक:

प्रशिक्षार्थी के हस्ताक्षर